पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

# आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा की अध्यक्षता में 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था हेतु विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित

## आईटी, एआई, ड्रोन और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर से 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की दिशा में उत्तर प्रदेश

लखनऊ : 29 जनवरी, 2026

प्रदेश सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचाने के लक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए सूचना प्रौद्योगिकी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग तथा स्टार्टअप इकोसिस्टम से संबंधित विभिन्न पहलों की समीक्षा एवं प्रस्तुतीकरण के उद्देश्य से आज बापू भवन, द्वितीय तल स्थित सभागार, लखनऊ में माननीय आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स कैबिनेट मंत्री श्री सुनील कुमार शर्मा की अध्यक्षता में विभागीय योजनाओं एवं अब तक की प्रगति को लेकर उच्चस्तरीय प्रस्तुतीकरण/समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य के अनुरूप आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, नीतिगत पहलों तथा निवेश से जुड़ी गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान तकनीक आधारित विकास को गति देने, निवेश को प्रोत्साहित करने तथा रोजगार सृजन को बढ़ाने से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विचार–विमर्श किया गया।

समीक्षा बैठक में लखनऊ में प्रस्तावित एआई सिटी से संबंधित प्रगति की समीक्षा की गई। एआई सिटी हेतु प्री–फिज़िबिलिटी स्टडी पूर्ण होने की जानकारी दी गई तथा भूमि चिन्हांकन एवं निवेश प्रक्रिया से जुड़े विषयों पर विचार किया गया। इसके साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित स्किलिंग, रिसर्च, इनोवेशन एवं स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तैयार किए जा रहे यूपी एआई मिशन के ड्राफ्ट पर भी चर्चा की गई।

बैठक में गौतम बुद्ध नगर को ग्लोबल आईटी/आईटीईएस एवं ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स के केंद्र के रूप में विकसित करने से संबंधित पहलों की समीक्षा की गई। जीसीसी

नीति के अंतर्गत जारी ऑपरेशनल गाइडलाइंस, निवेशक सुविधा तंत्र तथा कंपनियों के साथ हो रहे संवाद की प्रगति से अवगत कराया गया।

प्रदेश में ड्रोन टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने के लिए प्रस्तावित ड्रोन हब से संबंधित गतिविधियों की भी बैठक में समीक्षा की गई। ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग, टेस्टिंग एवं अनुसंधान से जुड़े प्रस्तावों तथा विभिन्न क्षेत्रों में ड्रोन तकनीक के संभावित उपयोगों पर चर्चा की गई।

1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए यूपी स्टार्टअप मिशन एवं यूपी स्टार्टअप पॉलिसी 2025 के अंतर्गत की जा रही पहलों की समीक्षा की गई। स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन, फंडिंग तंत्र तथा पब्लिक प्रोक्योरमेंट में उनकी भागीदारी से जुड़े विषयों पर भी विचार किया गया।

समीक्षा बैठक में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग से संबंधित निवेश प्रस्तावों, औद्योगिक क्षेत्रों में उपलब्ध अधोसंरचना तथा आगामी रणनीति पर चर्चा की गई। इस क्षेत्र को प्रदेश की आर्थिक वृद्धि का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनाने पर विशेष बल दिया गया।

बैठक में माननीय आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स कैबिनेट मंत्री श्री सुनील कुमार शर्मा, माननीय आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स राज्य मंत्री श्री अजीत पाल, प्रमुख सचिव, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग, श्री अनुराग यादव (आईएएस), प्रबंध निदेशक, यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड, श्री रवि रंजन (आईएएस) सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और डेलॉइट के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में डेलॉइट के प्रतिनिधियों ने प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक में तकनीक आधारित विकास, नवाचार और निवेश प्रोत्साहन के माध्यम से उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की दिशा में अग्रसर करने के लिए समन्वित रूप से कार्य करने पर बल दिया गया।

---

सम्पर्क सूत्र– अभिषेक सक्सेना

राघवेन्द्र /05:00 **PM**

---

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225

फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,

वेबसाइट :www.information.up.gov.in